卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 97 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦12 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पटवारी परीक्षा का पेपर लीक होने की आशंका से हड़कम्प

### एसटीएफ ने शुरू की जांच

देहरादून (उद संवाददाता)। चार दिन पहले हुई पटवारी परीक्षा का पेपर लीक होने की आशंका है। एक शिकायत पर एसटीएफ ने जांच शुरू कर दी है। मामले में लक्सर से तीन लोगों को एसटीएफ द्वारा हिरासत में लिये जाने की चर्चा है। हालाकि मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है। बताया जाता है कि पेपर परीक्षा से एक दिन पहले हल कराया गया था। चर्चाओं के मुताबिक उत्तराखंड में तीन दिन पहले हुई पटवारी परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने की बात सामने आई है। जिस से हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में कनखल थाने में एफआईआर कराने की तैयारी की जा रही है। उत्तराखंड एसटीएफ मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस मामले में लोक सेवा आयोग उत्तराखंड के सभी बड़े जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। लोक सेवा आयोग परिसर में किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही हैं। पूरे लोक सेवा आयोग में हड़कंप मचा हुआ है, कोई कुछ बोलने या बताने को तैयार नहीं। बता दें कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग राज्य के 13 जिलों के परीक्षा केंद्रों में 8 जनवरी 2023 को यूकेपीएससी पटवारी/लेखपाल 2022 परीक्षा आयोजित की थी। इस परीक्षा में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड आयोग द्वारा 29 दिसंबर 2022 को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किये गए थे। आयोग ने 391 पटवारी पदों के लिए भर्तियां जारी की थी। जिसमें अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून, नैनीताल, पौढ़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टेहरी, उत्तरकाशी, हरिद्वार और उधम सिंह नगर जिले शामिल हैं।

## सीएम ने जाना प्रभावितों का हाल

### जोशीमठ के नरसिंह मंदिर में की पूजा अर्चना

चमोली (उद संवाददाता)।भू-धसाव के संकट से घिरे जोशीमठ के प्रभावित परिवारों को आश्वस्त करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दूसरी बार ग्राउंड जीरो पर पहुंचे हैं। बृहस्पतिवार को वह नृसिंह मंदिर पहुंचे और यहां पूजा की। मुख्यमंत्री ने प्रातः नरसिंह मंदिर, जोशीमठ में पूजा-अर्चना कर भक्तों के रक्षक भगवान नरसिंह से इन विषम परिस्थितियों में जोशीमठ वासियों की सुरक्षा एवं कल्याण की कामना की। नरसिंह मंदिर, जोशीमठ में पूजा-अर्चना करने के पश्चात गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया व इन प्रतिकूल परिस्थितियों में आध्यात्मिक व धार्मिक स्थली जोशीमठ की सुरक्षा की कामना की। भू-धंसाव के संकट का सामना कर रहे जोशीमठ में (शेष पृष्ठ सात पर)





## स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत: आर्य

### ट्रांजिट कैंप में धूमधाम से मनाई विवेकानंद जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवा वर्ग को स्वयं को देश के प्रति समर्पित करने और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। यह बात नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक यशपाल आर्य ने आज यहां ट्रांजिट कैंप स्थित विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी विवेकानंद यंग क्लब द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवकों को चरित्र निर्माण के लिए 5 सूत्र दिए है। जिसमें आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, आत्मज्ञान ,आत्म संयम और आत्मत्याग शामिल हैं। इन सूत्रों को युवा वर्ग अपने दिल में उतार कर इनका अनुसरण करे। उन्होंने कहा विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद विवेकानंद जी के जीवन की जानकारी विद्यार्थियों को देनी चाहिए ताकि वह इससे प्रेरणा ले सकें। अपने संबोधन में विधायक (शेष पृष्ठ 7 पर)





## पादरी और उसकी पत्नी गिरफ्तार

### पुरोला धर्मांतरण मामले में हुई गिरफ्तारी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तरकाशी के पुरोला धर्मांतरण मामले में पुलिस ने देहरादून से अमन पास्टर और उसकी पत्नी एकता को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात प्रिंस चौक से नौगांव चौकी के एएसआई ने दोनों को गिरफ्तार किया। बता दें कि धर्मांतरण मामले में पादरी और उसकी पत्नी समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उत्तरकाशी में पुरोला के गांव में धर्मांतरण मामले में पुलिस की कार्रवाई पर नजर रखने के लिए एडीजी कानून व्यवस्था वी मुरुगेशन को उत्तरकाशी भेजा गया था। धर्मांतरण मामले में पादरी और उसकी पत्नी समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी ओर से भी कई लोगों के खिलाफ मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा हुआ था। धर्मांतरण सिर्फ एक नहीं बल्कि दूसरे गांवों में भी कराया गया। इसकी पुलिस जांच कर रही थी। डीजीपी अशोक कुमार के निर्देश पर एडीजी कानून व्यवस्था वी मुरुगेशन को उत्तरकाशी भेजा (शेष पृष्ठ सात पर)

## दस दिन बाद दर्ज हुई चोरी की रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत 30 दिसंबर को सिविल लाईन स्थित कंप्यूटर की दुकान में हुई चोरी की घटना की अब रपट दर्ज हुई है। जबकि दुकान स्वामी ने उसी दिन पुलिस को तहरीर सौंप दी थी। वादी टाईप शुदा- सेवा में, श्रीमान प्रभारी निरीक्षक दर्ज रपट में गुरनाम सिंह पुत्र फतेह सिंह ने कहा है कि उसकी फर्म मै. सरदारजी कम्प्यूटर सिविल लाईन में स्थित है। गत 30 दिसंबर 2022 को प्रातः काल जब उसने दुकान खोली तो देखा दुकान के शटर के ताले टूटे हुए थे। दुकान के भीतर जाकर देखा तो दुकान से 4 लेपटप, दो हार्डडिस्क एवं 4 पैनड्राईव चोरी कर लिये गये थे। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आबादी के बीच टावर लगाने का विरोध

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। फुलसुंगा गांव के पास स्थित अनमोल कॉलोनी में आबादी के बीच टावर लगाए जाने से कालोनी के लोग भड़क उठे। गुस्साए लोगों ने टावर लगाये जाने के विरोध में जमकर हंगामा काटा और टावर हटाये जाने की मांग की। कॉलोनी वासियों का कहना था कि आबादी के बीच में टावर स्थापित होने से



लोगों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर दुष्परिणाम होगा लेकिन प्रशासन सुध लेने को तैयार नहीं है। रेडिएशन के चलते छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कालोनीवासियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और टावर नहीं हटाये जाने पर आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी।

**ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध**

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें ।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

ikyj pyku d bPNd 0;fDr lid dj
ekckby lid&8077683095

## दुकान से हजारों की नगदी व मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों अज्ञात चोरों ने बालाजी द्वार के पास मोबाईल शॉप से हजारों की नगदी व कई मोबाईल चोरी कर लिए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में आदर्श कालोनी निवासी लालचन्द कालड़ा पुत्र स्व.रामचंद्र कालड़ा ने कहा ही कि उसकी दुकान बी के टेलीकॉम बालाजी (शेष पृष्ठ सात पर)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पत्नी

**श्रीमती उषा किरन जी**

*(पत्नी श्री श्याम सुन्दर खन्ना जी)*

*का स्वर्गवास बुधवार,11 जनवरी 2023*
*को हो गया है, जिनकी आत्मा की शांति हेतु*



**रस्म पगड़ी**

शुक्रवार,13 जनवरी 2023
दोपहर 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे
स्थान : पांच मन्दिर, रुद्रपुर

**शोकाकुल परिवार**

रोहित खन्ना-प्रीति खन्ना (पुत्र-वधु)
राजेश आनन्द-अंजु आनन्द (दामाद-पुत्री)
राजीव खुराना-शालिनी खुराना(दामाद-पुत्री)
एवं समस्त खन्ना परिवार

अक्ष, तुषाली (पौत्र-पौत्री)
आकाश, आशिमा,निखिल,
निकिता (धौत्र-धौत्री)

फर्म-उषा स्टील, रुद्रपुर। मो. 9927088109, 7830080999

# मेरी पहली चिंता सिर्फ जोशीमठ की सुरक्षा है : धामी

## सीएम ने कहाः आपदाग्रस्त जोशीमठ में नहीं टूटेंगे घर, सबको उचित मुआवजा देगी सरकार

देहरादून / जोशीमठ(उद ब्यूरो)। जोशीमठ में भूंधसांव होने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से लगातार प्रभावित क्षेत्र में राहत बचाव कार्य कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से पीड़ितों के अन्य सुरक्षित स्थानों पर रूकने की उचित व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं अब जोशीमठ में पीड़ित लोगों से मिलने सीएम पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे हैं। सीएम ने बुधवार देर सायं जोशीमठ पहुंचकर मीडिया से वार्ता करते हुएकहा कि एक एक पल की रिपोर्ट लेने आया हूँ। मेरी पहली चिंता आज सिर्फ जोशीमठ की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि हर प्रभावित को अंतरिम राहत देना सरकार का पहला लक्ष्य है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी भवनों को तोड़ना लक्ष्य नहीं है। सीएम धामी ने बताया कि पुनर्वास और मुआवजे के लिए कमेटी बना दी गई है। इसके बाद ही पारिस्थिकी और अर्थव्यवस्था के हिसाब से संतुलन बनेगा। बता दें कि खराब मौसम और सर्द हवाओं के बीच राहत कार्य प्रभावित भी रहे। अब सीएम जोशीमठ नगर में रात्रि प्रवास के लिए रुकेंगे। वहीं देर शाम जोशीमठ में अधिकारियों से जोशीमठ आपदा की बैठक करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से कहा है कि वह राहत कार्य करने में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री धामी बुधवार शाम को अपने सभी कार्यक्रम रद कर जोशीमठ पहुंच गए। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री को फोन कर जोशीमठ की स्थिति पर अपडेट लिया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी मुख्यमंत्री को फोन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ के लोगों को किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने के लिए कहा है। सीएम धामी ने कहा है कि वो जोशीमठ के प्रभावित लोगों के पुनर्वास की ऐसी व्यवस्था करेंगे कि वो देश में नजीर बनेगी। सीएम ने कहा है कि भू धंसाव से प्रभावित लोगों को बाजार दर पर मुआवजा दिया जाएगा। बाजार की दर हितधारकों के सुझाव लेकर और जनहित में जारी की जाएगी। 03 हजार प्रभावित परिवारों को कुल 45 करोड़ रूपये की धनराशि जारी की गई है। तात्कालिक तौर पर प्रति परिवार 1.50 लाख रूपये की अंतरिम सहायता दी जा रही है। सीएम ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्र में भू धंसाव के कारण प्रभावित भू-भवन स्वामियों/परिवारों को स्थाई अध्यासन विस्थापन नीति तैयार होने से पूर्व 01 लाख रूपये की अग्रिम धनराशि दी गई है। प्रभावित भू-भवन स्वामियों और परिवारों को अपने भवन के सामान की ढुलाई एवं तात्कालिक आवश्यकताओं हेतु गैर समायोज्य एकमुश्त विशेष ग्रान्ट के रूप में 50 हजार रूपये की धनराशि दी गई है। यह धनराशि उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा जारी की गई। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में कुल खर्चे का पूरा आकलन कर सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जोशीमठ में आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता



के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु अपने एक माह का वेतन दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में जिन मकानों में दरारें आयी हैं, उन मकानों को ध्वस्त करने की अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने सभी से अपील की है कि इन अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रभावित क्षेत्र में दरार वाले मकानों को ध्वस्त करने की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र में दरार वाले मकानों को तब तक ध्वस्त न कराया जाय, जब तक अपरिहार्य न हो। मुख्यमंत्री जोशीमठ प्रभावित क्षेत्र की सभी व्यवस्थाओं की अधिकारियों से नियमित रिपोर्ट ले रहे हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि जोशीमठ क्षेत्र में प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी हर समस्याओं का शीघ्रता से निदान किया जाय। सुरक्षा की दृष्टि से जिन परिवारों को अन्यत्र स्थानों पर शिफ्ट कराया जा रहा है उनको वहां सभी बेहतर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्रभावितों के विस्थापन के लिए उनके सुझावों के आधार पर इतनी बेहतर व्यवस्था की जाय कि यह पूरे देश के लिए नजीर बने। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के इस दु:ख-दर्द में सरकार द्वारा उनको हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र में शासन के उच्चाधिकारी क्षेत्र में प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। सचिव मुख्यमंत्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम मौके पर प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। जोशीमठ के भू-स्खलन एवं भू- धसाव प्रभावित क्षेत्र में भूगर्भीय तथा अन्य आवश्यक जांचें संबंधित संस्थाओं द्वारा की जा रही है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की टीम भी मौके पर मौजूद है।उधर जोशीमठ में राहत कार्य निरंतर जारी हैं। राहत, पुनर्वास समेत सभी प्रकार के कार्यों के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में शासन स्तर पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित कर दी गई है। इसके अलावा मंडलायुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में भी एक समिति बनाई गई है, ताकि समन्वय के साथ कार्य तेजी से आगे बढ़ सकें। यही नहीं, जोशीमठ में विभिन्न संस्थानों के विज्ञानी भूधंसाव के कारणों की तह तक जाने को जांच में जुटे हुए हैं। भूकंप अथवा अन्य कारणों से भूमि में कंपन की जांच को दो सिस्मोग्राफिक स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इस बीच जोशीमठ में फूटी जलधाराओं में पानी का बहाव कम होने की बात सामने आई है। मौसम की चुनौती से निबटने के लिए पीपलकोटी के अलावा शहर के सुरक्षित क्षेत्र के होटल समेत अन्य भवन चिह्नित किए गए हैं। जरूरत पडने पर वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था भी की गई है। भूधंसाव का दंश झेल रहे जोशीमठ में राहत कार्य तेज किए गए हैं। दरारें पडने से जर्जर भवनों का चिह्नीकरण चल रहा है तो प्रभावितों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर राहत शिविरों में विस्थापित किया जा रहा है। सरकार ने पूरी मशीनरी को जोशीमठ में झोंका हुआ है। तमाम केंद्रीय संस्थानों के विज्ञानी वहां जांच कार्यों में जुटे हुए हैं। जोशीमठ के डेंजर जोन में स्थित दो होटलों के बहुमंजिला भवनों को सीबीआरआइ के विज्ञानियों के मार्गदर्शन में हटाने का निर्णय लिया गया है। बीते दिवस यह कार्रवाई शुरू होनी थी, लेकिन व्यापारियों के विरोध के चलते ऐसा नहीं हो पाया था। इसी बीच यह मांग उठी कि भवनों का मूल्यांकन करने के बाद बाजार दर पर भवन स्वामियों को मुआवजा दिया जाए। सरकार ने भी इसे स्वीकारा है। वहीं जोशीमठ बचाने के लिए वहां एंनटीपीसी की टनल के खिलाफ भी धरना-प्रदर्शन का क्रम भी बना हुआ है।

# डॉक्टर की फर्जी डिग्री से क्लीनिक चला रहे दो झोलाछप दबोचे

देहरादून। उत्तराखण्ड एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुश अग्रवाल ने बताया कि विगत एक माह से एसटीएफ द्वारा उत्तराखण्ड में प्रैक्टिस कर रहे बीएएमएस की फर्जी डिग्री वाले आयुर्वेदिक चिकित्सकों के सम्बन्ध में जांच की जा रही थी, जिसकी प्रारम्भिक जांच में पाया कि उत्तराखण्ड राज्य में कई आयुर्वेदिक चिकित्सक जो कि ठाडै की फर्जी डिग्री धारण किये हुये है और फर्जी दस्तावेज तैयार कर भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तराखण्ड में चिकित्सा अभ्यास का पंजीकरण करा लिया गया है और उसी फर्जी पंजीकरण के आधार पर उत्तराखण्ड के अलग-अलग स्थानो पर ठाडै डाक्टर के रूप में अपने निजी अस्पताल / क्लीनिक चला रहे है, जहां पर आम जनता इन्हें डाक्टर समझ रही है एवं अपनी बीमारी को लेकर इन लोगों से उपचार करवा रहे है, जिससे ये सभी फर्जी चिकित्सक आम जन-मानस के स्वास्थ व जीवन के साथ खिलवाड़ कर अवैध धन अर्जित कर रहे है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा यह भी बताया गया कि प्रारम्भिक जांच में कई आर्युवेदिक डॉक्टरों का फर्जीवाड़ा पाया गया और ऐसे करीब 36 डॉक्टरों को चिन्हित कर उनके संबंध में संबंधित चिकित्सा बोर्ड से सूचना मांगी गई तो ज्यादातर फर्जी




आयुर्वेदिक चिकित्सकों की डिग्री राजीव गांधी हेल्थ एण्ड साईस यूनिवर्सिटी कर्नाटका की पाई गई जो कि पूर्णतया फर्जी बनी हुयी है, जिन्हें बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज मुजफफरनगर के मालिक इमरान और इमलाख द्वारा तैयार करायी गयी है। दिनांक 10 जनवरी 2023 को एसटीएफ देहरादून की पहली टीम द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सक प्रीतम सिंह एवं मनीष अली को गिरफ्तार किया गया है, इनकी बीएएमएस की मूल डिग्री फर्जी पाई गई, दोनों की मूल डिग्री को बरामद कर लिया गया है, जांच में दोनों चिकित्सको के द्वारा फर्जी डिग्री के आधार पर भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड में रजिस्ट्रेशन करके कमशः प्रेमनगर और रायपुर में अपने अपने क्लिीनिक खोल कर चिकित्सा अभ्यास कर रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपनी पूछताछ में बताया गया कि उनको जो बीएएमएस की फर्जी डिग्री दी है, वह उन्होंने करीब 280,0000 में बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज मुजफफरनगर के मालिक इग्लाख एवम इमरान निवासी गुजफ्फरनगर से प्राप्त की है। इमलाख के बारे में जानकारी की गयी तो वह कोतवाली मुजफफरनगर का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। इसके द्वारा अपने भाई इमरान के साथ बरला थाना क्षेत्र मुजफ्फनगर में बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज के नाम से मेडिकल डिग्री कॉलेज भी खोला हुआ है जो कि बीफार्मा, बीए, बीएससी, आदि के कोर्स संचालित करता है। एसटीएफ की दूसरी टीम द्वारा बाबा मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर में दबिश देकर इमरान पुत्र इलियास निवासी शेरपुर मुजफ्फरनगर को कॉलेज से ही गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एसटीएफ को कई राज्यों की यूनिर्वसिटियों की फर्जी ब्लैंक डिग्रियां, फर्जी मुद्राएं एवं फर्जी पेपर एवं कई अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद हुए हैं। इमरान द्वारा अपनी पूछताछ के दौरान उत्तराखंड एवं कई अन्य राज्यों में सैकड़ों डॉक्टरों को इस तरह की फर्जी डिग्री लाखों रुपए लेकर देने की बात बताई है।

# फर्जी चाइनीज लोन एप्स के जरिए 300 करोड़ की ठगी का खुलासा

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। उत्तराखंड पुलिस की साइबर विंग और एसटीएफ ने फर्जी चाइनीज लोन एप्स के माध्यम से 300 करोड़ रुपए की ठगी का खुलासा किया है। बुधवार को उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी है। डीजीपी अशोक कुमार के मुताबिक कुछ दिनों पहले देहरादून की एक महिला ने बीते दिसंबर में अपने साथ फर्जी लोन एप्स के जरिए 17 लाख रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। भारत सरकार के छब्ब्ट्च पोर्टल पर भी शिकायतें हैं। इसके बाद साइबर पुलिस एक्टिव हुई तो पता चला कि ऐसी ही सैंकड़ों शिकायतें देश के अलग अलग थानों में दर्ज हो रहीं हैं। साइबर पुलिस और एसटीएफ ने काम शुरु किया और तकनीक का इस्तमाल करते हुए कुछ फर्जी लोन एप्स के बारे में पता लगाया। इसके साथ ही कॉल सेंटर्स के बारे में जानकारी मिली।इन्ही सारे इनपुट्स पर काम करते हुए साईबर पुलिस और एसटीएफ ने गुरुग्राम से अंकुर ढींगरा को गिरफ्तार किया। अंकुर संगठित रूप से फर्जी लोन एप्स के जरिए हो रही धोखाधड़ी नेटवर्क का सरगना बताया जा रहा है। पूछताछ में पांच अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है।फर्जी लोन एप्स के जरिए हो रही धोखाधड़ी के तार भारत से लेकर चीन, हांगकांग तक फैला है। अधिकतर फर्जी लोन एप्स को चीन में बनाया गया है और उनका अधिकतर डेटा हांगकांग में है। जबकि इन्हें बड़े पैमाने पर भारत में ऑपरेट किया जा रहा है। भारत में सोशल मीडिया पर इनका खूब प्रचार प्रसार किया जा रहा है और लोगों को झांसे में फंसाया जा रहा है। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी ने Hector Lendkaro Private Limited नाम की एक कंपनी बनाई और इसके जरिए 15 एप्स संचालित कर रहा है। इन एप्स के नाम हैं –RupeeGo Rupee Here LoanU QuickRupee Punch Money Grand Loan DreamLoan CashMO Rupee MO CreditLoan Lendkar RockOn HopeLoan Lend Now Cashfull

# चार इनामी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही कर चार इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 20 हजार रुपए के ईनामी अभियुक्त मनीष कुमार आर्य पुत्र रंजित राम उर्फ रणवीर राम निवासी प्रगतिशील बिहार थाना मुखानी पर कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। 18 सितम्बर 2022 को दीपक भंडारी निवासी गोल बैराज के पास काठगोदाम के घर के बाहर से उनकी माता के गले से मंगलसूत्र के 8 सोने के दाने लूटे गए थे। जो मनीष के कब्जे से बरामद हुए। इसके अलावा उसके पास से चोरी की अन्य घटना से संबंधित लाखों रुपए का सामान बरामद किया गया था। पुलिस ने 10 हजार रुपए के ईनामी अभियुक्त नवीन सिंह रावत पुत्र टीकेन्द्र सिंह रावत निवासी छिनकोट थाना अस्कोट जिला पिथौरागढ को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध 25 मई 2021 को श्रीमती खीला देवी पत्नी



यतेन्द्र सिंह पांगती निवासी जौहार नगर भोटिया पडाव द्वारा मारपीट गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। वही पुलिस ने 25 हजार रुपए के ईनामी अभियुक्त गुड्डू पुत्र बुद्ध सेन निवासी ग्राम लोहारी थाना विरासतगंज जिला बरेली को भी गिरफ्त किया ही। उसके विरुद्ध 23 जुलाई 2022 को गौरव अग्रवाल पुत्र कुलदीप कुमार निवासी जज फार्म ने दुकान का कुण्डा व शटर के ताले तोड़कर दुकान के अन्दर से लगभग 6.50 लाख रुपए का सामान एवं नगदी चोरी कर ले जाने का मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने 2500 रुपए के ईनामी अभियुक्त योगेश पुत्र तुला राम निवासी लोहारी थाना विरासतगंज जिला बरेली को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ 24 जुलाई 2022 को सतीश चन्द्र पाठक पुत्र उर्वादत्त पाठक निवासी तीनपानी खन्ना फार्म ने दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले जाने की रपट दर्ज कराई थी।

# कवियों ने वर्तमान हालातों पर किया कटाक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।जवाहर ज्योति,चौफुला, कृष्ण कुंज में आयोजित कवि गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने अपनी सशक्त रचनाओं से वर्तमान हालातों पर कटाक्ष करते हुये सामाजिक संदेश दिया। मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुये वरिष्ठ कवि अशोक वार्ष्णेय ने कहा जोशीमठ तो है द्वार नारायण का, इसको बचा लो भोलेनाथ जी।सत्यदेव आर्य ने मंहगाई पर कहा मेरे नाम से लोग घबराने लगे हैं, दालों के रेट पूछने में शरमाने लगे हैं। राजकुमार भंडारी ने जाम की स्थिति पर कुछ इस प्रकार कहा जाम सडकों पर घंटों न लगे, सडकों का ऐसा इतिहास बना देना। व्यंग्यकार वेद प्रकाश अंकुर ने कहा कि देश की दुर्दशा पर वो हमेशा दु:खी रहते हैं, फिर भी घोटालों में हमेशा बिजी रहते हैं। कार्यक्रम के संयोजक हेमंत डोभाल ष्हेमू ष्ने कहा आपस मे नफरतों का जहर भरने लगे हैं लोग ,क्यूँ एक दूसरे से कतराने लगे हैं लोग।श्रीमती



इन्द्रा तिवारी इन्दु ने कहा हम अंग्रेजी नववर्ष क्यों मनायें, आओ अपना प्रकृति नववर्ष पर हर्षायें। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र जोशी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि हमें सामाजिक दायित्व निभाने का संदेश भी मिलता है। संयोजक हेमंत डोभाल ने उपस्थित कवियों व श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुये प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमरसिंह सिजवाली, भरत सिंह राणा, नारायणसिंह मेहता, कमल किशोर पलडिया, प्रकाश चन्द्र जोशी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने सड़क सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा जनपद में गत दिवस से आगामी 17 जनवरी तक 33वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।एसएसपी पंकज भट्ट द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम के माध्यम से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान नैनीताल पुलिस के यातायात, सीपीयू प्रभारी व कर्मी, अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर/विभाग स्वास्थ्य विभाग, एनजीओ आदि मौजूद रहे। सड़क सुरक्षा सप्ताह की थीम स्वच्छता पखवाड़ा एवम् सड़क सुरक्षा सप्ताह पर साप्ताहिक कार्य योजना के बारे में चर्चा कर विस्तृत जानकारी दी गई। एसएसपी ने कहा पुलिस द्वारा जनपद में ऑनलाइन स्लोगन एंड पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के स्कूलों के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा तथा अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को एसपी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया हल्द्वानी मीटिंग हॉल में टैक्सी चालकों, बस ड्राइवरों तथा पुलिसकर्मियों हेतु स्वास्थ्य विभाग की



टीम द्वारा नेत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम भी किया जाएगा। इसके अलावा यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट, बोर्ड/हार्डिंग आदि को चस्पा कर नगर निगम के वाहन में लगे वीएमडी के माध्यम से ट्रैफिक वीडियो एवं जागरूकता प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से यातायात जागरूकता ग्राफिक्स वीडियो मैसेज आदि का भी प्रचार एवं प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया यातायात जागरूकता हेतु क्षेत्र में आयोजित विभिन्न मेलों आदि में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एनजीओ के माध्यम से नगर के क्षेत्र अंतर्गत यातायात स्लोगन, जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। ट्रक, बस, टैक्सी चालकों की यूनियन के साथ गोष्ठी कर यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की सुरक्षा हेतु फर्स्ट एड की जानकारी दी जाएगी। पुलिस की मीडिया मॉनिटरिंग यातायात टीम द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में उत्तराखंड पुलिस ऐप मैं प्रचलित ट्रैफिक आईज के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया मोटर वाहन अधि नियम एक्ट से जुड़े तमाम पहलुओं एवं निरस्तीकरण संबंधी मामलों की भी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम/ट्रैफिक, हरबन्स सिंह, एसपी सिटी,भूपेंद्र सिंह धौनी सीओ हल्द्वानी, श्रीमती विभा दीक्षित सीओ नैनीताल, एनजीओ समूहों से श्रीमती निर्मला सुयाल अध्यक्ष आओ खुशियां बांटे फाउंडेशन निर्मला सेवी सोसायटी व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को
1.रिसेप्शनिष्ट( महिला )-(1),योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1)योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम(कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास
बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।
पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


# स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा में चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियो ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के आसपास की झाड़ी में साफ की साथ ही विद्यालय से पॉलिथीन का निस्तारण किया। कार्यक्रम में 7 ग्रुपों के द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में साफ सफाई की गई। तत्पश्चात विद्यालय से स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवीयो ने प्रीत विहार, फाजलपुर, बराड कालोनी इत्यादि क्षेत्रों में घूम कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी ने इन कॉलोनियों से पॉलिथीन इकट्ठा कर उसका निस्तारण भी किया। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवीयों का आव्हान किया कि अपनी स्वच्छता के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस के स्वच्छता पर भी ध्यान देना है। तत्पश्चात विद्यालय में आकर स्वयंसेवकों ने अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। द्वितीय सत्र में विद्यालय के विज्ञान प्रवक्ता कुलदीप गहलोत ने स्वयंसेवीयों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा से पहले स्वास्थ्य आवश्यक है तथा यह एक दूसरे के पूरक हैं। स्वस्थ व्यक्ति में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है तथा स्वस्थ एवं शिक्षित व्यक्ति ही देश के लिए एक संसाधन के रूप में काम कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता एवं पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े मोहम्मद अली अख्तर, यतेंद्र सिंह यादव, प्रमोद कुमार तिवारी, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र ध्यानी, जगदीश भट्ट, बीएस भाकुनी सहित विद्यालय के समस्त स्वयंसेवी उपस्थित थे।



# थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों को वितरित किये टिफिन

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य जिसमें पुलिसकर्मियों को हीटर बांटना व जेकेटो का वितरण करना आदि उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए गदरपुर थाना अध्यक्ष राजेश पांडे ने थाने में तैनात पुलिस कर्मियों को टिफिन वितरित किए उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी के बाद देर सवेर आते है और पढ़ रही कोहरे की सर्द ठंड में मेस में खाना कभी ठंडा भी हो जाता है पुलिसकर्मियों को थाना ठंडा ना मिले इसीलिए स्टाफ को टिफिन वितरित किए ताकि ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को गरम खाना मिल सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना परिसर में थाना अध्यक्ष राजेश पांडे द्वारा ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को टिफिन दिए गए उन्होंने बताया कि सर्दी में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी मैस में कभी भी देर सवेर पहुंचते हैं जहां पर अधिकांश खाना ठंडा हो जाता है अब मैस में खाना बनाने वाले कुक प्रत्येक टिफिन में खाना पैक करके रख देंगे जिससे ड्यूटी से आने वाले सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने टिफिन से गर्म खाना खा सकें थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने इस पहल की शुरुआत करने से पहले बताया कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों का ध्यान रखते हुए समय-समय पर कई तरह की सुविधाओं का लाभ पहुंचाते हैं उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए मंगलवार को अपने थाने के स्टाफ को एक छोटा सा उपहार के रूप में टिफिन दिए गए है ताकि सर्दी में वह भी ड्यूटी से आने के बाद गर्म खाना खा सकें इस दौरान उपनिरीक्षक चंद्र सिंह, गणेश,दर्शन सिंह,शिवराज, उमेश जोशी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



# ढकरियाल ने किया 33वीं बार रक्तदान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। यातायात निरीक्षक प्रतिवर्ष जरूरतमंदों को सूचना मिलते ही रक्तदान को आगे आते हैं।इंस्पेक्टर जगदीश ढकरियाल ने फिर मानवता निभाई है। उन्होंने 33 वें बार रक्तदान कर एक रोगी की जान बचाई है। उनके प्रति जिला अस्पताल प्रशासन ने भी आभार व्यक्त किया है। बुधवार को जिला अस्पताल



में भर्ती एक रोगी को बी प्लस रक्त की आवश्यकता थी। इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों से अनुरोध किया। इंस्पेक्टर ढकरियाल को यह सूचना मिली। उन्होंने एक यूनिट रक्तदान किया। बताया कि 15 वर्ष के सेवाकाल में 33 बार रक्तदान कर चुके हैं। जबकि बागेश्वर में दो वर्ष की अवधि में वह सात बार रक्तदान किया। वहीं, यातायात उपनिरीक्षक चंदन भंडारी ने भी एक यूनिट एक प्लस रक्तदान किया

# जसविंदर सिंह कामरा के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसमें भारतीयम स्कूल के पार्टनर जसविंदर सिंह कामरा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं दो मिनट का मौन रखा गया। व्यापार मण्डल के सपरस्त जगदीश छाबड़ा ने कहा कि जसविंदर सिंह कामरा एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे वह समाजसेवा के हर काम में अग्रणी थे। इस अवसर पर मनोहर लाल मिगलानी, नरेश कुमार सेठ, प्रेम ठक्कर, सुरेश मदान, राजकुमार सीकरी, ईशान सेठ, मान सिंह ग्रोवर, कवलजीत बठला, इन्दरजीत सिंह, अनिल भल्ला, अशोक चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

# भाजयुमो प्रदेश मंत्री का हुआ स्वागत

बागेश्वर (उद संवाददाता)। भाजयुमो के प्रदेश मंत्री बने पूरन रौतेला का गृह जनपद पहुँचने पर भाजपाइयों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा खरही मंडल द्वारा भाजयुमो मंत्री का उनके गृह क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। खरही भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। वही भाजयुमो में नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री पूरन सिंह रौतेला ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है,उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़कर युवा



शक्ति को मजबूत करना अपनी प्राथमिकता बताया।भाजयुमो और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त स्वागत कर रौतेला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रवि करायत,मथुरा प्रसाद, जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला मंत्री आशा फुलारा,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजेंद्र परिहार जिला मीडिया

# विद्युत सप्लाई को ग्रामीण एरिया से हटाकर नगरीय क्षेत्र में जोड़ने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 16 क्षेत्र की विद्युत सप्लाई को ग्रामीण एरिया से हटाकर नगरीय क्षेत्र में जोड़ने की मांग की है। एसडीओ अंशुल मदान को सौंपे ज्ञापन में शर्मा ने कहा कि वार्ड नंबर 01 और 16 की विद्युत सप्लाई ग्रामीण एरिया में होने के कारण विद्युत कटौती अधिक होती है जिससे इस क्षेत्र में लगे छोटे उद्योग व्यापार स्कूल इत्यादि प्रभावित हो रहे हैं। अत्यधिक विद्युत कटौती से जनता में आक्रोश बना हुआ है। यह क्षेत्र लगभग 5 वर्ष पहले नगर निगम में आ चुका है परंतु विद्युत सप्लाई अभी ाा ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से हो रही है। जनहित में उन्होंने विद्युत सप्लाई को ग्रामीण एरिया से हटाते हुए नगरीय क्षेत्र में जोड़ने की मांग की है।

# देवभूमि पत्रकार यूनियन हरिद्वार जिला इकाई को दी बधाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देवभूमि पत्रकार यूनियन जिला इकाई के गठन पर यूनियन के कुमांऊ प्रभारी एवं उधम सिंह नगर जिलाध्यक्ष अशोक गुलाटी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। कुमांऊ प्रभारी गुलाटी ने हरिद्वार के जिलाध्यक्ष बने दुष्यंत शर्मा व जिला महासचिव सुनील कुमार समेत समस्त कार्यकारिणी को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कहा कि हरिद्वार में यूनियन का गठन होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यूनियन के सभी पदाधिकारियों से पत्रकारिता की गरिमा को बनाये रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करने का आहवान किया। गुलाटी ने कहा कि देवभूमि पत्रकार यूनियन प्रदेश में पत्रकारों के हितों के लिए कई वर्षों से काम कर रही हैं। प्रदेश भर में यूनियन का लगातार विस्तार होता जा रहा है। बड़ी संख्या में पत्रकार यूनियन से जुड़ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल और प्रदेश महामंत्री बीडी शर्मा के प्रयासों से संगठन लगातार मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगइन पत्रकार हित की लड़ाई लड़ता रहेगा।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

गुलरभोज (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत थानाध्यक्ष के निर्देशन में उप निरीक्षक राकेश कठायत, चौकी प्रभारी गूलरभोज, व कांस्टेबल दीपक जोशी द्वारा होम फ्रेश



मसाला फैक्ट्री गूलरभोज, गदरपुर में जाकर फैक्ट्री में तैनात सभी कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा में के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, तथा सभी को जागरूक कर हेलमेट पहने, तीन सवारी यात्रा ना करने, व अन्य यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

# डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी ने किया व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का स्वागत

## मदनलाल क्रिकेट एकेडमी ने खिलाड़ियों को दिया 51 हजार का चेक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उड़ीसा में कलिंगा ट्राफी जीतकर लौटी उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम का देश के प्रतिष्ठित क्रिकेट खिलाड़ियों की मौजूदगी में डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी ने आयोजित एक सम्मान समारोह में सम्मानित कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर मदन लाल एवं सबा करीम ने जोरदार स्वागत करते हुए टीम को 51 हजार रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप भेंट कर उनका हौंसला बढ़ाया। डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने पूर्व क्रिकेटर मदनलाल व सबा करीम को बताया कि विजेता उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में उधम सिंह नगर से कप्तान धन सिंह कोरंगा,दीपू राणा, सुबोध, आलोक,नरेश,कमल व प्रीति शामिल हुये थे। उन्होंने कहा डिसेबल्ड स्पोटिंग सोसायटी राज्य के विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने में कभी पीछे नहीं हटती और समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को हर संभव मदद भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा पूर्व में कई बार खिलाड़ियों की मदद की जा चुकी है। इतना ही नहीं उदयीमान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी सोसाइटी द्वारा खेलों को प्रोत्साहित किया जाता है और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाता है। श्री चुघ ने बताया कि सोसायटी राज्य एवं राष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग कर पदक जीतकर आने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित करती रही है। सोसायटी द्वारा राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। इस अवसर पर मदन लाल ने कहा कि दिव्यांगों क्रिकेट खिलाडियों को खेलों के लिए किसी भी चीज की आवश्यकता को पूरा किया जाएगा और मुख्यधारा से जोड़ने के लिये समेकित प्रयासों की जरूरत बताते हुए डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों होने के बाबजूद उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने उड़ीसा में तीन स्टेटों को हराकर कलिंगा ट्रॉफी उत्तराखंड के नाम कर प्रदेशवासियों को गौरवान्वित किया है। इन्होंने साबित किया है कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिये परिस्थितियां कोई मायने नही रखती है। सबा करीम ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आज उनका सौभाग्य है कि उन्हें देवभूमि के विजेता व्हीलचेयर खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा जब भी इन खिलाड़ियों को उनकी सहायता की आवश्यकता होगी वह पीछे नहीं हटेंगे। सोसायटी के संरक्षक जेबी सिंह ने क्रिकेटर मदनलाल व सबा करीम से आग्रह किया कि भविष्य में यहां जब भी इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसका शुभारंभ आपके द्वारा हो तो इससे खिलाड़ियों का हौसला और बढ़ेगा। जिस पर दोनों ही खिलाड़ियों द्वारा हामी भरते हुए कहा गया इसकी सूचना प्रतियोगिता तिथि निर्धारित होते ही उपलब्ध करा दी जाए। इस अवसर सोसायटी के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी व एमेनिटी पब्लिक स्कूल के एमडी सुभाष अरोरा, सोसाइटी सचिव हरीश चौधरी, अशोक सिंघल, मुकेश वशिष्ठ, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी, टीम के कप्तान धन सिंह कोरंगा एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।






# धूमधाम से मना इंपार्ट संस्था का स्थापना दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संस्था इम्पार्ट ने अपना 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अधिकारी युगल किशोर पंत ने संस्था के 28 वें स्थापना दिवस की शुभकामना दी एवं समाजिक कार्यो की सराहना की और संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इसके साथ ही संस्था संस्थापक डा० महेन्द्र कुमार मिश्रा के समाजहित में किये गये कार्यों याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर सी०एम०ओ० श्रीमति सुनीता चुफाल ने संस्था इम्पार्ट मदर एनजीओ के रूप में आशाओं के माध्यम से जिले में महिला एवं बाल स्वास्थ्य की देखरेख टीकाकरण महिला सशक्तिकरण, शुद्ध पेयजल उपलब्धता आदि के रूप में सराहनीय कार्य करती रही है इसके लिये संस्था बधाई की पात्र है। जिला महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी श्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा संस्था द्वारा किए गए महिला, बाल विकास कार्यों के योगदान के बारे में बताया गया। संस्था निदेशक सुश्री प्रज्ञा मिश्रा द्वारा फूलों के बुके देकर सभी अतिथियों स्वागत किया और संस्था द्वारा किये कार्यों के बारे में जानकारी दी और संस्था में आने के लिए सभी लोगों के लिए धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। संस्था प्रमुख इन्दिरा मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर श्रीमती इन्दिरा मिश्रा इम्पार्ट निदेशक सुश्री प्रज्ञा मिश्रा ,राकेश त्रिपाठी, राजेन्द्र कुमार, मुजाहिद अली, कृष्ण कुमार, चन्द्र तेज सिंह, रहीश सिंह राना, वीरपाल सिंह, प्रवीन सिंह, रेखा, वन्दना शुक्ला, प्रेम प्रकाश किशन राजपूत, उषा रानी आदि मौजूद रहे।




# सीपीयू-ट्रेफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा सप्ताह शुरु

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान शुरु हो गया। सीपीयू और यातायात पुलिस ने जगह जगह जागरुकता अभियान चला कर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाये। बुधवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इंदिरा चौक पर सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर सीपीयू प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायाता नियमों की जानकारी दी। साथ ही वाहनों के बैक में रिफ्लेक्टर लगाने को कहा। बताया ि कइस समय घना कोहरा के चलते सड़क हादसे होने की आशंका रहती है। इसी लिये वाहनों को रिफ्लेक्टर लगाकर सावधानी से चलाएं। ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। उनके साथ सीपीयू एसआई सतपाल पटवाल,एसआई सीपीयू हरीश बिष्ट,कांस्टेबल रवि कुमार आदि कर्मी मौजूद रहे। सीपीयू प्रभारी ने बताया कि यह अभियान 17 जनरवरी तक चलेगा। उधर डीडी चौक पर टीएसआई धन पाल सिंह,हेड कास्टेबल राजेन्द्र प्रसाद,योगेश जोशी,विनोद कुमार,रविन्द्र बिष्ट ने भी वाहन चालकों को यातायात नियमों के साथ ही रिफ्लेक्टर लगाने को जागरुक किया। इधर काशीपुर में एसपी अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सप्ताह शुरु हुआ। एसपी काशीपुर के नेतृत्व में शहर में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान लोगो को सड़क सुरक्षा सप्ताह पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये बताया गया कि लोगो को यातायात नियमों का पालन करना चाहिये। कोहरे में वाहनों को संभाल कर चलायें। इस दौरान पंपलेट भी बांटे।



# जोशीमठ के व्यापारियों से मिलकर दिया समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा अपने सहयोगी हर्षवर्धन पाण्डे के साथ जोशीमठ आपदा ग्रस्त व्यापारियों से मिल उनका दर्द सांझा करने गए। उन्होंने बताया कि संगठन के उपाध्यक्ष माधव सेमवाल का आपदाग्रस्त माउन्ट व्यू होटल एवं पड़ोसी मलारी इन होटलों को तोड़ने के लिए प्रशासन ने एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के साथ टीम भेज दी थी। जिसका स्थानीय व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जम कर विरोध किया गया और प्रशासन को कहा कि बिना मुआवजा तय किये व होटल स्वामी की स्वीकृति के बिना नही तोड़ने दिया जाएगा। प्रदेश पदाधिकारी वहां के नगर अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी व उनकी टीम के साथ आपदाग्रस्त क्षेत्रों के निरीक्षण के बाद जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के आन्दोलन को समर्थन देने धरना स्थल पर गये। उन्होंने आन्दोलनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जोशीमठ आपदा के लिए जिम्मेदार एनटीसीपी ही है। उसे स्थानीय आपदाग्रस्त लोगों को बसाने के लिए नया शहर बसाना चाहिये और सरकार बेरोजगार व्यवसायियों को भरण पोषण की व्यवस्था करें। उन्होंने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा जिसमें उनके साथ साथ प्रदेश उपाध्यक्ष माधव प्रसाद सेमवाल (क्षतिग्रस्त होटल स्वामी), जिलाध्यक्ष महेंद्र सेमवाल, महामंत्री कुलदीप वर्मा, जोशीमठ के अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी,पीपल कोटी के अध्यक्ष दीपक राणा , पोखरी के महामंत्री जगदीश प्रसाद भट्ट , घाट के अध्यक्ष चरण सिंह, बद्रीनाथ के अध्यक्ष विनोद नवानी एवं स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



# राहत सामग्री से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, द्वारा शहीद ऊधम सिंह नगर स्मारक कलक्ट्रेट परिसर रूद्रपुर से जनपद चमोली अन्तर्गत जोशीमठ क्षेत्र भू-घसाव से उत्पन्न हुयी सम्भावित आपदा से आमजनमानस को अहैतुक सहायता के दृष्टिगत जिला प्रशासन ऊधम सिंह नगर एवं सिडकुल प्रशासन एवं आर एस लॉजिस्टिक रूद्रपुर की ओर से जोशीमठ में वाहन के माध्यम से प्राथमिक सहायता हेतु एक ट्रक को राहत सामग्री जिसमें 100 कम्बल, 104 बैड सीट, 104 गद्दे सहित हरी झण्डी दिखाकार रवाना किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर श्री युगल किशोर पन्त, द्वारा सर्वप्रथम वहां निवासरत लोगो की मंगलकामना करते हुये कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की बड़ी भयावह आपदा की स्थिति उत्पन्न न हो के दृष्टिगत जिला प्रशासन ऊधम सिंह नगर जिला प्रशासन चमोली से लगातार सम्पर्क में हैं, उन्होने कहां कि जोशीमठ में जैसी आवश्यकता होगी, कम से कम समय में यहा से भेजी जायेगी, इस हेतु जिला प्रशास सक्रिय हैं किसी भी प्रकार की कोई कमी नही की जायेगी जनपद से हर-सम्भव सहायता प्रदान की जायेगी।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नजूल/प्रशासन जयभारत सिंह, उप जिलाधिकारी रूद्रपुर श्री प्रत्युश सिंह एवं प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबन्धन कौस्तुभ मिश्र, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी, उमाशंकर नेगी एवं कलक्ट्रेट परिसर व आपदा प्रबन्धन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगढ उपस्थित रहें।




# भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एव राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के रुद्रपुर पहुँचने पर भाजपाइयों द्वारा विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। देर शाम सुंधाशु त्रिवेदी रुद्रपुर के एक निजी होटल में पहुँचे जहां उन्होंने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की । इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा आगमन पर उनको बुके भेट कर स्वागत किया। विधायक ने कहा सुधांशु त्रिवेदी बहुत लंबे समय से भाजपा राष्ट्रीय टीम में प्रवक्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं और सदैव भाजपा के पक्ष में टीवी चौनलों पर बहुत जोरदार तरीके से पार्टी का पक्ष रखते हुए नजर आते हैं । इस दौरान मेयर रामपाल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, विवेक सक्सेना, उत्तम दत्ता, रश्मि रस्तोगी, विनय बत्रा, गजेन्द्र प्रजापति, श्वेता मिश्रा, फरजाना बेगम, धर्म सिंह कोली, मयंक कक्कड़, राजन राठौर  योगेश वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे ।




# विदेशियों में भी बढ़ रहा है हिंदी का क्रेज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।हिंदी दिवस पर विदेशियों द्वारा हिंदी की कविताएँ गाते हुए भेजे वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे है। विश्व विख्यात कवि डॉ कुमार विश्वास की कविता को विदेशियों ने हिंदी में गाकर उन्हें भेजा गया। जिसका जिक्र स्वयं डॉ कुमार विश्वास ने सोशल साइट पर किया है। उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देशों से लोग हिंदी की कविताएँ गाते हुए वहाँ के नागरिक वीडियो भेजते हैं। रूस के क्रेमलिन से हों या सऊदी अरब के शेख हों, हिंदी को अपने उच्चारण के अनुसार मान देते ये सब लोग मेरे प्यार के सूत्रधार हैं । विश्व हिंदी दिवस पर मिला यह वीडियो एक महत्वपूर्ण उपहार है। आभार मेरे देश, आभार मेरी भाषा, जिसने मुझे उन देशों के भी प्यार से जोड़ा जो मेरे विस्तार की सीमा तक में नहीं थे।

# अमृतकाल प्रत्येक भारतीय के लिए महत्वपूर्ण

## उत्तराखंड मुक्त विश्विद्यालय में 25 करोड़ की लागत से बने 5 भवनों का लोकार्पण

देहरादून/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह का शुभारंभ कुलाधिपति/राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) व मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से वर्चुअल माध्यम से किया। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत और केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट मौजूद रहे। इस वर्ष का कुलाधिपति स्वर्ण पदक वनस्पति विज्ञान की अनिता जोशी को दिया गया। 27 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिए गए। इसके साथ ही मैती आंदोलन के जनक पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, जौनसार कला संस्कृति के लिए श्री नंद लाल भारती और लोक गायन के लिए पद्मश्री बसंती देवी को डी लिट् मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही विश्विद्यालय के 01 छात्र को पी एच डी, 716 को स्नातकोत्तर व 10932 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने संयुक्त रूप से विश्विद्यालय में लगभग 25 करोड़ की लागत से बने 5 भवनों का लोकार्पण भी किया।दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए कुलाधिपति ने उपाधि धारक शिक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में खुशहाली लेकर आती है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रतिभा, संकल्प और परिश्रम का बड़ा योगदान होता है। दूरस्थ शिक्षा में तो संकल्प और परिश्रम का और भी अधिक महत्व होता है। राज्यपाल ने उपस्थित शिक्षार्थियों से कहा कि आप सभी को अमृतकाल के इन 25 वर्षों में विकसित भारत का नेतृत्व करना है। यह अमृतकाल प्रत्येक भारतीय के लिए







महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि तकनीकी के बल पर लोगों की तरक्की के रास्ते खोजे जाएं। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारे को साकार करने में आप सभी का सामूहिक संकल्प भी जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में शोध एवं अनुसंधान की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए आप सभी शोध के प्रति उत्साही बनें एवं नवीन खोज करते रहें। रोजगार की समस्या, पलायन की समस्या को यहां उपलब्ध अपार संसाधनों के जरिए अवसर और उपलब्धियों में बदला जाए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि ग्रामीण इलाकों में रोजगार के नए अवसर हेतु अपना सहयोग करें। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि स्थानीय लोगों की क्षमताओं को ध्यान में रखकर कार्य योजना और प्रोजेक्ट विकसित किए जाएं जिससे उनको लाभ मिले।राज्यपाल ने कहा कि हमारे सम्मुख कई चुनौतियां हैं जिसका समाधान भी हमें खोजना है। आप सभी युवा शक्ति के बल पर हम विकसित भारत एंव विश्व गुरु भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों को रोजगार की संभावनाओं पर केन्द्रित कर तैयार करें। उत्तराखण्ड प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में आगे लाना है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षार्थियों से कहा की दीक्षांत समारोह का अर्थ औपचारिक दीक्षा का अंत है किंतु शिक्षा जीवन पर्यंत चलती है। आज विश्वविद्यालय में ज्ञान की अविरल गंगा में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उत्तराखंड मुक्त विश्विद्यालय का पिछला वर्ष अनेक उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। नैक मूल्यांकन में विश्वविद्यालय को प्रथम प्रयास में ही ग्रेड प्राप्त हुआ है जो विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर अभिवृद्धि में गति प्रदान करने का कार्य करेगा। उन्होंने शिक्षार्थियों से सशक्त उत्तराखंड राज्य हेतु अपनी सहभागिता का आह्वान किया। सांसद अजय भट्ट में सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड राज्य देश का पहला राज्य होगा जहां एक परीक्षा, चुनाव, दीक्षांत , शैक्षिक कैलेंडर व गणवेष होगा। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव प्रो0 रश्मि पंत ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो ओम प्रकाश, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, मेयर डॉ जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट, प्रोफेसर डॉ भानू प्रकाश जोशी, प्राचार्य डॉ अरुण जोशी, डिप्टी रजिस्ट्रार विमल कुमार,डॉ राकेश रयाल, बृजेश बनकोटी, महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, सुरेश भट्ट, अजय राजौर, दिनेश आर्य, प्रकाश हरबोला, डॉ बहादुर सिंह बिष्ट, शंशाक रावत, कुंदन लटवाल सहित अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति केन्द्र में उपचाराधीन व्यक्तियों से मिले आईजी भरणे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे जनपद की एनटीएफ व एसओजी टीम के साथ हीरानगर स्थित नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे जहां पर उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन व्यक्तियों से मिलकर उनसे नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अपने तर्क साझा किए। उन्होंने बताया कि हमारा प्रदेश उत्तराखण्ड भी धीरे-धीरे नशे की चपेट में आता जा रहा है। उपचाराधीन व्यक्तियों से नशे में होने की स्थिति व दुष्प्रभावों की जानकारी ली तथा नशे की कमर तोडने हेतु सबको एक जुट होकर संकल्प लेते हुए नशे के विरुद्ध कार्य करने हेतु कहा। उनके द्वारा नशे के कारोबारियों के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा क्षेत्र में नशे के कारोबार को रोकने के लिए हमें सर्वप्रथम नशे की डिमांड को खत्म करना होगा। नशे से सम्बन्धित कोई भी सूचना देने के लिए परिक्षेत्रीय स्तर पर हैल्प लाईन नम्बर 8077713006 जारी किया गया है। किसी भी क्षेत्र में नशे के लगातार प्रचलन शिकायत व किसी पुलिस कर्मी द्वारा



शिकायत नहीं सुनी जाती है तो उक्त हैल्पलाईन नम्बर पर काल/व्हाटसएप के माध्यम से दी जा सकती है। जनपद स्तर पर नशे की रोकथाम एवं प्रचार प्रसार हेतु ड्रग्स वालेन्टियर्स ग्रुप बनाये जायेंगे। नशे की रोकथाम हेतु हर जनपद में एएनटीएफ टीम का गठन किया गया है। जो हर समय उपलब्ध रहेगा। एएनटीएफ टीम को वाहन व डाग स्क्वाड टीम से लैस किया जायेगा। उन्होंने कहा नशे के कारोबारियों द्वारा अवैध रुप से अर्जित सम्पत्ति का डाटा बैंक तैयार किया जा रहा है। उन पर गैंगस्टर एक्ट लगाते हुए उनकी सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। आई जी ने बताया कि नशे की रोकथाम हेतु हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे है। ऐसी कोई सूचना जिसमें किसी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नशे की रोकथाम में लापरवाही या संलिप्तता पायी जाती है उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। आईजी द्वारा उपचाराधीन व्यक्तियों को बताया गया कि हम नशे की लत में फंसे व्यक्ति को नहीं पकडते अपितु उनसे नशे के सोर्स के बारे में पूछते हैं। उपचाराधीन व्यक्तियों ने बताया कि किस प्रकार नशे की लत में पडने के कारण वह अपने मां-बाप, पारीवारिक जनों को भूल जाते हैं। कई बार तो पूरे-पूरे दिन की घटना उन्हे याद नहीं रहती हैं। उन्होंने पूरा डे ब्लैंक हो जाने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ. युवराज पंत तथा प्रोजेक्ट कोर्डीनेटर श्रीमती रश्मि पंत मौजूद रही।

# ट्रांसपोर्ट नगर में रही लोहड़ी पर्व की धूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया। टीपीनगर कार्यालय परिसर में आयोजित लोहड़ी उत्सव में ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और कारीगरों ने एक दूसरे को बधाई दी। टीपीनगर एसोसिएशन अध्यक्ष अमरजीत सेठी और महामंत्री प्रदीप सबरवाल ने कहा कि लोहड़ी संपन्नता के साथ ही आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इस मौके पर लोहड़ी जलाई गई और उस पर मूंगफली, रेवड़ी, मक्के के फुले चढ़ाकर सभी को लोहड़ी की बधाई दी।साथ ही मिष्ठान्न वितरित कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। ढोल की थाप पर सभी ने खूब नाच गाना भी किया। इस मौके पर इंद्र कुमार भूटियानी, मुकेश खन्ना, पंकज वोहरा, सोनी सबरवाल, हाजी मोहम्मद नफीस, जसपाल मालदार, जसपाल कोहली, अमन भट्ट, राजेश पुरी, चंद्रशेखर पांडे, खीमानंद शर्मा, शंकर भूटियानी, केनेडी सचदेवा, विनोद आनंद, तारा ठाकुर समेत कई लोग शामिल रहे।



# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नए पियर एजुकेटरों को दिया प्रशिक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 50 नए पियर एजुकेटरों को उक्त



कार्यक्रम पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय प्राथमिक विद्यालय किच्छा में दिया गया। जिला अधिकारी युगल किशोर पंत ने समापन करते हुए नए पियर एजुकेटर को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सभी से अपेक्षा है कि आप सभी सामुदायिक स्तर पर लोगों को पोषण बढ़ाना, मातृ स्वास्थ की सही जानकारी देना, मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी देना, चोटें एवं हिंसा के प्रति जागरूक करना, तम्बाकू एवं नशावर्ती में रोकथाम एवं गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक करेंगे तदुप्रांत प्रशिक्षण का समापन माननीय जिला अधिकारी महोदय द्वारा किया गया। जिसमे उनके द्वारा क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पियर एजुकेटरों को पुरस्कार एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदया द्वारा आरकेएसके कार्यक्रम पर 6 उद्देश्य के बारे में बताया गया।उक्त प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी मोव आमिर खां आरकेएसके काउंसलर राफिया अंसारी, डोरी सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# देवलचौंरा ग्राम समूह पंपिंग योजना का शुभारंभ

बागेश्वर (उद संवाददाता)।विधानसभा क्षेत्र और जिले को विकास की मुख्य धारा1 से जोड़ने के लिए कपकोट विधायक ने संकल्प लिया है।जिले को भृस्टाचार मुक्त कर सुशासन और ईमानदार प्रशाशनिक व्यवस्था देने और लापरवाहों पर सख्ती बरतने के भी विधायक संदेश दे चुके है, विधायक ने विकास की अवधारणा को गति देना अपनी प्राथमिकता में रखा है।विधानसभा के देवलचौरा क्षेत्र की पेयजल किल्लत दूर करने के लिए पम्पिंग योजनाकी स्वीकृति कराई है। विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने कहा कि प्रत्येक गांव और घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। जिसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बुधवार को देवलचौरा ग्राम समूह पंपिंग योजना का भूमिपूजन किया। यह योजना नौ करोड़ 54 लाख रुपये से बनेगी।राजकीय इंटर कालेज तुपेड़ में भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक गढ़िया ने कहा कि विधानसभा कपकोट में जल जीवन मिशन के तहत देवलचौरा ग्राम समूह



पंपिंग योजना बनाई जा रही है। 11 ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट दूर होगा। जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। समग्र और सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं पहली बार गांव तक पहुंच रही हैं। पेयजल संकट से जूझ रहे गांवों को राहत मिलने जा रही है। सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहा है। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोहर राम, मथुरा प्रसाद, दीवान सिंह खेतवाल, हरीश खेतवाल, केशर सिंह चौहान, प्रमोद मेहता, गणेश शाही आदि उपस्थित थे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भू धंसाव और दरारों का डर

जोशीमठ में भू- धंसाव से ग्रामीणों के घरों और वहां की सड़कों और अन्य इमारतों पर आई दरारों से हालात चिंताजनक बन रहे है ऐसे में प्राकृतिक आपदा की इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी डाली गई। है। हालांकि अदालत ने इस पर तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि हर जरूरी चीज सीधे न्यायालय के पास नहीं आनी चाहिए। पीठ ने स्पष्ट कहा कि इस पर गौर करने के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं हैं। दरअसल याचिकाकर्ता ने दावा किया कि यह घटना बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण के कारण हुई है।उन्होंने उत्तराखंड के लोगों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता और मुआवजे की मांग की। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका और अदालत की टिप्पणी के आईने में देखें तो विधायिका और नौकरशाही बनाम लोकहित के कई मुद्दे उठ खड़े हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि लोकतंत्र की मूल भावना, परंपरा और मर्म को लोकतांत्रिक संस्थाएं ही जिंदा रखती हैं, दीर्घजीवी और लोकतंत्र की जड़ें गहरी बनाती हैं। इस लिहाज से देखें तो उत्तराखंड में जोशीमठ में खड़े हो रहे व्यापक प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर वहां के लोगों की मुश्किलों को समझा जा सकता है। लेकिन स्थानीय स्तर पर जिस तरह का संकट पैदा हुआ है, उसमें प्राथमिक स्तर पर वहां की सरकार और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी बनती है कि वे इसका तात्कालिक और दीर्घकालिक समाधान निकालें। दूसरी ओर, आम जनता का भी यह हक है कि वह सबसे पहले स्थानीय स्तर पर उन संस्थाओं से अपनी जिम्मेदारी निभाने की मांग करें, जिन्हें लोकतंत्र में इसी काम के लिए बनाया गया है। दरअसल जोशीमठ त्रासदी ने लोकतंत्र के इन स्तंभों को लेकर जो सवाल खड़े किए हैं, उन्हें कुछ तथ्यों के आईने में समझने की जरूरत है। वहां भूस्खलन और धंसाव की समस्या को लेकर पिछले सैंतालीस वर्षों में कई अध्ययन कराए गए, लेकिन उनकी रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वैज्ञानिकों ने हर बार आगाह किया, लेकिन इसके बाद भौगोलिक-तकनीकी अध्ययन कराने की ओर से आंखें फेर ली गई। उपचारात्मक कार्य नहीं हो पाए और आज स्थिति सबके सामने है। पुराने भूस्खलन क्षेत्र में बसे जोशीमठ में पूर्व में अलकनंदा नदी की बाढ़ से भूकटाव हुआ था। साथ ही घरों में दरारें भी पड़ी थीं। वर्ष 1976 से लेकर 2022 तक की अनेक अध्ययनों की संस्तुतियों में जोशीमठ क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण, भूमि की पकड़, धारण क्षमता, पानी के रिसाव के कारण समेत कई अध्ययन कराने की जरूरत बताई गई। वैज्ञानिकों के अनुसार जोशीमठ सिस्मिक जोन पांच में आता है और भूकंप व भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील स्थान है। इन तथ्यों को लेकर राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजना और हेलंग बाईपास का निर्माण कार्य को लेकर सवाल उठते रहे। अब जबकि जोशीमठ में पानी सिर से ऊपर बहने लगा है और हाल में वैज्ञानिकों के दल ने दोबारा सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी है, तब जाकर सरकार की नींद टूटी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में इस संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग करते हुए कहा गया है कि 'मानव जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र की कीमत पर कोई भी विकास नहीं होना चाहिए। अगर किसी भी स्तर पर ऐसा होता है तो फिर राज्य और केंद्र सरकार को इसे तत्काल रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए।' यह तर्क विधायिका और कार्यपालिका के रुख पर सवाल उठाता है। हालांकि जब विधायिका और कार्यपालिका अपना काम ठीक से न करें तो अदालत का आसरा होता है। लेकिन तथ्य यह भी है कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे में एक व्यापक संस्थागत ढांचा बना हुआ है। इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं संस्थाओं की प्रासंगिकता की ओर ध्यान दिलाया है।

# स्वामी विवेकानन्द: स्वतन्त्रता संग्राम के प्रमुख प्रेरणा स्रोत

12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में अवतरित वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानन्द का बचपन का नाम वीरेश्वर रखा गया, किन्तु उनका औपचारिक नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। पिता विश्वनाथ दत्त कलकत्ता हाईकोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुँचा। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी जगत के कल्याण के लिए क्रियाशील है। वे रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य थे। उन्हें विश्व धर्म महासभा में 2 मिनट का समय दिया गया था किन्तु उन्हें प्रमुख रूप से उनके भाषण का आरम्भ ष्मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयोंष के साथ करने के लिये जाना जाता है। उनके संबोधन के इस प्रथम वाक्य ने सबका दिल जीत लिया था। अलौकिक, 4 जुलाई 1902 को देवलोकगामी 39 वर्ष के संक्षिप्त जीवनकाल में स्वामी विवेकानन्द जो काम कर गये वे आने वाली अनेक शताब्दियों तक पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। तीस वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो, अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सार्वभौमिक पहचान दिलवायी। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था-यदि आप



भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानन्द को पढ़िये। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पायेंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।ष रोमां रोलां ने उनके बारे में कहा था ष्उनके द्वितीय होने की कल्पना करना भी असम्भव है, वे जहाँ भी गये, सर्वप्रथम ही रहे। हर कोई उनमें अपने नेता का दिग्दर्शन करता था। वे ईश्वर के प्रतिनिधि थे और सब पर प्रभुत्व प्राप्त कर लेना ही उनकी विशिष्टता थी। हिमालय प्रदेश में एक बार एक अनजान यात्री उन्हें देख ठिठक कर रुक गया और आश्चर्यपूर्वक चिल्ला उठा-'शिव!' यह ऐसा हुआ मानो उस व्यक्ति के आराध्य देव ने अपना नाम उनके माथे पर लिख दिया हो। अभिभूत, स्वामी विवेकानन्द केवल सन्त ही नहीं, एक महान देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक और मानव-प्रेमी भी थे। अमेरिका से लौटकर उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा था ष्नया भारत निकल पड़े मोची की दुकान से, भड़भूँजे के भाड़ से, कारखाने से, हाट से, बाजार से; निकल पडे झाड़ियों, जंगलों, पहाड़ों, पर्वतों से।ष और जनता ने स्वामी की पुकार का उत्तर दिया। वह गर्व के साथ निकल पड़ी। महात्मा गान्धी को आजादी की लड़ाई में जो जन-समर्थन मिला, वह विवेकानन्द के आह्वान का ही फल था। इस प्रकार वे भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के भी एक प्रमुख प्रेरणा के स्रोत बने। उनका विश्वास था कि पवित्र भारतवर्ष धर्म एवं दर्शन की पुण्यभूमि है। यहीं बड़े-बड़े महात्माओं व ऋषियों का जन्म हुआ, यही संन्यास एवं त्याग की भूमि है तथा यहीं-केवल यहीं-आदिकाल से लेकर आज तक मनुष्य के लिये जीवन के सर्वोच्च आदर्श एवं मुक्ति का द्वार खुला हुआ है। उनके कथन ष्उठो, जागो, स्वयं जागकर औरों को जगाओ। अपने नर-जन्म को सफल करो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये। यथेष्ट, स्वामी विवेकानंद ने कहा था, जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान। शक्ति ही जीवन है, दुर्बलता ही मृत्यु है। विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु है। प्रेम जीवन है, घृणा मृत्यु है। शक्ति ही जीवन है, दुर्बलता ही मृत्यु है। स्तुत्य, स्वामी जी ने जन जागरूकता बढ़ाने, हिंदू धर्म को पुनर्जीवित करने और राष्ट्रवाद के विचार में अतुलनीय योगदान दिया। जो मानव कल्याण के निहितार्थ सदा-सर्वदा कालजयी रहेगा।

**-हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

# अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्या का होगा नार्को टेस्ट

ऋषिकेश। अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ी एक बड़ी खबर आ रही है। कोर्ट ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्या के नार्को टेस्ट की इजाजत दे दी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोटद्वार भावना पांडे की अदालत ने आज फैसला सुनाया है। आपको बता दें कि इस मामले की जांच कर रही एसआईटी ने तीनों आरोपियों के नार्को टेस्ट की अनुमति मांगी थी।एसआईटी के लिए पुलकित के रिजार्ट में आने वाले वीआईपी के नाम का पता करना और अंकिता के मोबाइल के बारे में जानकारी इकट्ठा करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि नार्को टेस्ट से इस संबंध में कोई जानकारी मिल सकेगी। शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गत 3 जनवरी को अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अपनी दलीलें रखी गई थीं। बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसले के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की थी। 5 जनवरी को अभियोजन पक्ष की ओर से संबंधित मामलों में अन्य कई रूलिंग को जरूरी बताते हुए इन्हें प्रस्तुत करने के लिए अदालत से समय की मांग की गई। अदालत ने इसके लिए समय प्रदान करते हुए 10 जनवरी की तिथि नियत की थी। उत्तराखंड में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट कोटद्वार ने अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित नेता के बेटे पुलकित आर्या के नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट को बुधवार को मंजूरी दे दी।

# स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान

गूलरभोज(उद संवाददाता)। विश्व में भारत की संस्कृति को गौरवान्वित करने वाले और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में गूलरभोज मैन चौराहा निकट चौधरी प्रतिष्ठान पर मनाई गई। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण करके मिष्ठान



वितरण किया गया एवं युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन अनीता दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी ,भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, अमित कुमार गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता ,सतीश चुघ, हरेंद्र तोमर ,भूपेंद्र आर्य, रमेश सागर, शेष नारायण शुक्ला ,बनवारी लाल ,यशवंत कुमार, प्रकाश आर्य ,प्रेम सागर ,विजय यादव, विनोद सिडाना, रवि, राजू पासवान ,अंकित ढल्ला, एवं सतीश सिडाना आदि मौजूद रहे।

# विकास कार्यों को समय से पूरा करें अधिकारी: बसंती

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिला पंचायत अध्यक्ष बंसती देव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक हुईबैठक मेंसड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहित मूलभूत समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।



इस दौरान जिपं सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में रखा। वही विभागीय अधिकारियों ने सदस्यों को योजनाओं की प्रगति तथा समस्याओं का निराकरण करने को लेकर अधिकारियों से सवाल पूछे। जिस पर विंदुवार अधिकारियों द्वारा समस्याओं का जल्द समाधान का आश्वासन दिया।जिपंअध्यक्ष ने अधिकारियो को सदस्यों की हर समस्या का गंभीरता से सामाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सदस्यों द्वारा सदन में रखी गई समस्याओं का भी शीघ्र समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा विवादों में आने वाले कार्यो को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सुलझा कर अबिलंब शुरू किया जाए। इस दौरान जल संस्थान, सिचाई, लघु सिचाई, कृषि, उद्यान, वन, उरेडा, समाज कल्याण, पर्यटन विभाग से संबधित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठायी गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें तथा समस्या निराकरण की सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी दें। विधायक कपकोट सुरेश गढिया ने जिला पूर्ति अधिकारी को जिन पात्र अन्त्योदय/गरीबों व्यक्तियों द्वारा अपने कार्ड जमा कराए गए हैं उनके कार्ड भी बनाने के निर्देश देते हुए कपकोट क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को तलाशते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी को साईकिल ट्रैक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पैराग्लाइडिंग कार्यो की सराहना करते हुए इससे जुडे बच्चों को उच्च प्रशिक्षण दिलाने हुए डाटा संग्रहित करने को कहा। उन्होंने बागेश्वर व कपकोट में पर्याप्त झील होने की बात करते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई को तकनीकी जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आरे से बागेश्वर तक रॉफ्टिंग की संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन अधिकारी को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि विकास कार्यो को धरातल में लाने में अधिकारियों की अहम भूमिका है, वो जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाते हुए गति देकर कार्य पूर्ण करें, तथा निर्माण कार्यो की सूचना संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनधियों को भी दें। उन्होंने पयर्टन कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश जिला पर्यटन अधिकारी को दिए।बैठक में ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी, सदस्य जिला पंचायत गोपा धपोला,चन्दन रावत,नवीन नमन, हरीश ऐठानी, वंदना ऐठानी, जर्नाजन लोहनी, प्रेमा गढिया, सुनीता कोहली, कमला परिहार,रेखा देवी सहित सीडीओ संजय सिंह, एडीएम चंद्र सिंह इमलाल, डीडीओ संगीता आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आर चन्द्रा, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरियाआदि मौजूद थे।

# सड़क निर्माण की स्वीकृति पर अजय भट्ट का जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)।नेशनल हाईवे से शहर के अंदर जाने वाली खस्ता हालत जर्जर मार्ग का कायापलट होने वाला है। दी-74 से रेड रोज तक जर्जर क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सांसद अजय भट्ट की संस्तुति के बाद सहायक अभियंता लोग निर्माण विभाग रुद्रपुर को पालिका से प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किया गया है। यह जानकारी पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया है। कहा कि संपर्क मार्ग से काशीपुर मार्ग को आने वाले यात्रियों को तथा गूलरभोज को जाने वाले निवासियों को जहां एक और समय की बचत होगी तथा दूसरी ओर सुगम मार्ग का फायदा उठा सकेंगे। पालिकाध्यक्ष ने बताया संपर्क मार्ग पर स्थित विभिन्न स्कूली बच्चों एवं आवास विकास के वासियों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पालिका अध्यक्ष ने सांसद से गूलरभोज रोड मार्ग से दिनेशपुर मार्ग तक नहर के किनारे मिनी बायपास मार्ग बनवाए जाने की मांग की।

# पुलिस ने टैक्सी यूनियन को बताया मेले का रूट चार्ट

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस ने उत्तरायणी मेले के दौरान यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। मेले के दौरान यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए नगर व्यापार मंडल,टैक्सी यनियन पदाधिकारियो की बैठक ली।पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न टैक्सी यनियन के पदाधिकारियों से यातायात रूट का पालन करने की अपील की।पुलिस ने मेले के दौरान नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।बैठक में चालको को बताया कि मुख्यबाजार में वाहनों की आवाजाही



पूरी तरह बंद रहेगी। कपकोट, कांडा, गरुड़ तथा नदीगांव मार्ग पर चलने वाले वाहन बायपास होते हुए जाएंगे। सीओ राणा ने कोतवाली में बैठक कर टैक्सी यूनियन व व्यापार मंडल पदाधिकारियों को यातायात में किए गए बदलाव की जानकारी दी। इसका पालन करने की अपील की। टैक्सी चालक किसी भी यात्री से मनमाना किराया न वसूलें। शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इस दौरान बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी,हरीश सोनी कोतवाल कैलाश नेगी,यातायात प्रभारी जगदीश ढकरियाल,पुष्कर किरमोलिया, अनिल कार्की, जगदीश कार्की,हिमांशु जोशी, सहित विभिन्न टैक्सी यनियन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# लोहड़ी महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

खटीमा(उद संवाददाता)। पंजाबी महासभा खटीमा की ओर से एक निजी बैंकट हॉल में लोहड़ी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहड़ी प्रज्वलित कर एवं जलती हुई आग के चारों ओर पंजाबी संस्कृति से जुड़े गीत गाकर किया गया। इसके बाद बैंकट हॉल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए दर्शकों से खचाखच भरे हॉल में रोनित डांस एकेडमी, थ्री स्टार डांस एकेडमी, अलकेमिस्ट स्कूल आर के पब्लिक स्कूल,हिंद पब्लिक स्कूल,प्रेरणा डांस क्लासेज एवं मिश्रा डांस क्लासेज के द्वारा पंजाबी संस्कृति से जुड़े गिद्दा भांगड़ा गतका कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सर्राफ पब्लिक स्कूल के बच्चे हृदय एवं सांझ ने बेटी भ्रूण हत्या के खिलाफ एक छोटा सा कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पंजाबी समाज में जन्म लेने वाली नई बेटियों एवं नए शादीशुदा जोड़ों को सम्मानित किया गया एवं उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के खटीमा निवासी पहाड़ी गायक शरी सिंह बिष्ट को पंजाबी महासभा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव मनोज वाधवा एवं नगर अध्यक्ष सोनिया सुनेजा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संरक्षक दिनेश सुनेजा ने कहा कि जल्दी खटीमा में पंजाबी महासभा के द्वारा पंजाबी हॉल का निर्माण किया जाएगा जिसको कन्याओं के विवाह के लिए निशुल्क जनता को समर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खटीमा फाइबर के एमडी आरसी रस्तोगी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र जुनेजा ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सभासद अनिल बत्रा,किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, मझोला सोसायटी के अध्यक्ष जसविंदर सिंह पप्पू, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश छाबड़ा, गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सतीश गोयल, सरदार जनक सिंह, डॉक्टर बाबू राम अरोड़ा, संजीव बत्रा, रमेश धींगड़ा, सुरेंद्र अरोड़ा, मनोज गुलाटी, जतिन ग्रोवर, राजेश राणा, किशन छाबड़ा, नगर अध्यक्ष विजय अरोरा, नगर महामंत्री हरीश बत्रा, मनोज छाबड़ा, जतिन बत्रा, कुलदीप गंभीर, जसप्रीत कौर, हरविंदर, रेखा बत्रा, पूजा बत्रा, आरती डाबर, प्रियंका पुनियानी, बीना बत्रा, टिंकल दत्ता, ललित मोहन मरवाह, दर्पण कपूर, जितेंद्र, पार्वती, ऐश्वर्या अरोड़ा, हरगोविंद सिद्धू, जगदीश कपूर, चंद्र प्रकाश अरोड़ा, रवीश बत्रा, संतोष मल्होत्रा, हैप्पी बत्रा, सत्येंद्र सिंह बब्बू, हरप्रीत गाबा, भूपेंद्र,अनिल ग्रोवर, बलबीर,सोहेल, राजकुमार बत्रा, प्रदीप गुंबर, हैप्पी सोहेल, अतुल अरोड़ा, कपिल अरोड़ा, सुधीर कुमार बत्रा, राजू खत्री, मदन गंभीर एवं सरदार नागी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के द्वारा पंजाबी संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम जारी रखने का आश्वासन भी दिया।








# एसएसपी ने दोपहिया वाहन रैली को दिखाई हरी झंडी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष 33 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इसके तहत एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने सड़क सुरक्षा सप्ताह



का शुभारम्भ अल्मोड़ा के रघुनाथ सिटी माँल से किया। 33 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए दोपहिया वाहन रैली निकाली गयी। रैली में प्रतिभाग करने हेतु जनपद पुलिस, परिवहन विभाग अल्मोड़ा के अधि0/कर्म0गण व नगर के युवा कार्यक्रम स्थल रघुनाथ सिटी माँल पर उपस्थित हुए। एसएसपी ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारम्भ के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी है सड़क एक ऐसा स्थान है जिसका उपयोग छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई करता है। अल्मोड़ा पुलिस की मुहिम सड़क सुरक्षा सत्याग्रह के बारे में जानकारी देकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने के लिए उपस्थित पुलिस बल व युवाओं को सड़क सुरक्षा सत्याग्रह का अपनाने हेतु जागरुक किया गया और लोगों को सड़क सुरक्षा सप्ताह की थीम स्वच्छता पखवाड़ा से अवगत कराकर अल्मोड़ा नगर को साफ स्वच्छ रखने की अपील की। इस दौरान पुलिस बल/परिवहन विभाग व लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गयी। इसके उपरान्त सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने हेतु रघुनाथ सिटी माँलसे शिखर तिराहा तक आयोजित होने वाली दोपहिया वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर जागरुकता रैली में सीओ ऑप्स ओशिन जोशी, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, निरीक्षक एलआईयू कमल कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा राजेश कुमार यादव, निरीक्षक यातायात गणेश हरड़िया, परिवहन कर अधिकारी हरीश रावल, चौकी प्रभारी धारानौला गंगा राम गोला, प्रभारी इण्टरसेप्टर जीवन सिंह सामंत, टीएसआई सुमित पाण्डे, थानाध्यक्ष महिला थाना बरखा कन्याल, म0उ0नि0 हेमा कार्की सहित अल्मोड़ा पुलिस/परिवहन विभाग व नगर के युवक/युवतियाँ उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई विवेकानंद जी की जयंती

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। शक्तिफार्म स्थित बंग भवन में बंगाली कल्याण समिति एवं सर्वसमाज ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को धूमधाम



से मनाया।सभी ग्रामसभाओं के जनप्रतिनिधि एवम शिक्षक,युवा पीढ़ी,साहित्यकार ,सामाजिक कार्यकर्ता एवम गणमान्य व्यक्ति के उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने कहा की शिकागो सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा दिए गए संभाषण विश्व इतिहास के लिए अलौकिक तेज से परिपूर्ण है,शून्य पर दिए प्रवचन से वहा उपस्थित प्रतिनिधिमंडल भावविभोर हो गए। स्वामी विवेकानंद जी ने सनातन संस्कृति, साहित्य, सामाजिकता को सर्वधर्म के लिए ईश्वर का साक्षात दर्शन करवा देने का मार्ग कहा। आज के युवा पीढ़ी को स्वामी जी के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा की 100 बर्षकी निरर्थक लंबी आयु से कही अधिक 10 बर्ष की सार्थक जीवन व्यतीत करना महत्वपूर्ण है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बिश्वास, किशोर राय,उत्तम आचार्या, देवू मंडल, प्रशांत मंडल,सुमित मंडल,नरेश साना, गोविंद देवनाथ, समर देवनाथ, दिनेश दास, पवित्र बावली , जयंत मंडल, बिजन राय, पंकज राय , अमित हालदार, अनूप राय, विक्की मंडल, विश्वजीत हालदार, सूरज देवनाथ, रविन्द्र बिश्वास, गोविंद तालुक दार, रविन्द्र अग्रवाल, गोविंद पोखरिया, रमन जायस वाल,रवि सरकार आदि लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**स्वामी विवेकानंद...**अरविंद पांडे व मेयर रामपाल सिंह ने सभी को स्वामी विवेकानंद जयंती की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए स्वामी जी के आदर्श महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक परिमल रॉय ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 11 सितंबर 1983 को कोलकाता में विश्वनाथ एवं भुवनेश्वरी देवी जी के घर में हुआ था। बचपन में इनका नाम नरेंद्र नाथ दत्त रखा गया था। वर्ष 1884 में पिता विश्वनाथ का निधन हो गया। उन्होंने बताया स्वामी विवेकानंद ने सन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपना स्वयं का नाम विवेकानंद रख लिया। 31 मई 1893 अमेरिका यात्रा प्रारंभ की जहां 11 सितंबर को धर्म संसद आयोजित की गई। जिसमे कई देशों के हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद थे। स्वामी विवेकानंद ने अपने व्याख्यान से भारत का परचम लहराया। उन्होंने कहा कि धर्म ही भारत की आत्मा है। अपने व्याख्यान में उन्होंने युवाओं को कई संदेश भी दिए। श्री राय ने बताया कि 4 जुलाई 1902 में स्वामी विवेकानंद जी का निधन हुआ। समारोह को उत्तम दत्ता, महानगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सीपी शर्मा, दिलीप अधिकारी, मीना शर्मा सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इससे पूर्व सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा आयोजन स्थल पर स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति से ओतप्रोत गीत संगीत की धुन में उपस्थित हजारों लोग झूमते रहे। समारोह के दौरान अनेक लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर सौरभ चिलाना, विजय भुड्डी, सुनील आर्य, सुमित रॉय, संजीव रस्तोगी, मिंटू गुंबर, तरुण दत्ता, हरीश बावरा, जगदीप सिंह, जगदीश तनेजा, अर्जुन विश्वास, प्रीति साना, उमा सरकार, सुशील मंडल, रमेश बोरा, मोहन भारद्वाज, निर्मल मंडल , गौतम सीकदार, बृजेंद्र मंडल, अमल रॉय, नरेश सरकार, अनूप विश्वास, निमाई गोलदार,बुलबुल राय, दुर्जनलाल कश्यप, सुमन देवी, शान्ति आर्या, ज्ञानवती, गायित्री, आरती श्रीवास्तव, कनिका, रोहित कुमार सिंह, शशिप्रभा जायसवाल, मोनिका अरोरा, सीमा सिंह निषाद, राधा गुप्ता, सुब्रत मल्लिक, शीला गंगवार, रूपा राठोर,अनुपमा सिंह, करिश्मा सक्सेना, पूजा सैनी, अंजलि प्रजापति, प्रियंका पाठक, ज्योति सिंह, पिंकी कन्नौजिया,साक्षी, विमलेश गंगवार, अनीशा, जया, शालिनी विश्वकर्मा, शालिनी कश्यप, प्रतीक्षा गंगवार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन तापस विश्वास ने किया।

**सीएम ने जाना...**आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी स्थित नृसिंह मंदिर परिसर में दरारें आ गई हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद शंकराचार्य की गद्दी नृसिंह मंदिर में विराजमान रहती है। नृसिंह मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद सीएम धामी सेना, आईटीबीपी के अधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों, प्रभावितों और पार्टी कार्यकर्ताओं मुलाकात करने के लिए रवाना हुए। इस बीच सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि हमने अभी सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की है। हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि ये माहौल न बनाएं कि जोशीमठ खत्म हो रहा है। यहां बस 25% घरों में दरारें हैं, उन्हें खाली करा लिया गया है। लोगों की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर है। अगर डर का माहौल रहेगा तो पर्यटक नहीं आएंगे। अभी चार महीने बाद चार धाम की यात्रा भी है। लोग धीरे धीरे संतुष्ट हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने जो 1.5 लाख की फौरी राहत घोषित की है वो आज शाम तक लोगों के खातों में आ जाएगी। हम आगे और राहत राशि देंगे। हमने सरकार और जनप्रतिनिधियों की एक कमेटी बना दी है जो मुआवजे को लेकर बात कर रही है। ये दरारें क्यों आई हैं अभी उसका अध्ययन चल रहा है। केंद्र, राज्य, वाडिया इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। हम जोशीमठ के अलावा दूसरे उत्तराखंड के शहरों पर भी भार का आकलन कर रहे हैं। हम लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि उनके साथ हैं। हमने जोशीमठ के बाहर पहाड़ काटने की घटना का संज्ञान लिया है।

**पादरी और सकी...**गया है। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग और क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। पुरोला धर्मांतरण मामले में पुलिस हर एक पहलू को देखकर जांच कर रही है। साथ ही क्षेत्र में जासूसी एंजेंसियां भी सक्रिय हैं। इधर पुलिस ने पुरोला धर्मांतरण मामले में देर रात अमन पास्टर और उसकी पत्नी एकता को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**दुकान सेहजारों...** द्वार पर स्थित है। 7 जनवरी की रात उसकी दुकान मे अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिसमे आठ मोबाईल, चार्जर, पॉवर बैंक सहित गल्ले में रखे 16050 रुपए शामिल हैं। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।




## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Deepa Devi (पुराना नाम) से बदलकर Deepa Chaudhary (नया नाम)कर लिया है। भविष्य में मुझे Deepa Chaudhary (नया नाम)पत्नी Harish Kumar के नाम से जाना पहचाना जाए।

पता-गली नंबर 3,इंद्रा कॉलोनी,रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## भारत के वो संत थे महान

हे नरेन्द्र, तुम थे महान,
भारत माँ का आप आत्मसम्मान,
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत,
भक्ति भाव से ओत प्रोत,
भारत के महान संत,
उनकी बुद्धिमत्ता का ना था कोई अंत,
परमहंस के अनुपम शिष्य,
मिशन रामकृष्ण की रखी नींव,
सर्वशिक्षा को दिया महत्व,
लक्ष्य से भटकना मत दिया यही ज्ञान
विदेश में बढ़ाया अपने देश का मान,
बुद्धिमानी और हाजिर जवाब की
कायल रही दुनिया,
विश्व धर्म संसद में गूंजती रही उनके
सम्मान में अनवरत तालियां,
अध्यात्म की जगत को दिखाई राह,
आत्मविश्वास का पढ़ाया पाठ,
नारी शक्ति को दिया सम्मान
स्त्री शिक्षा से है संसार की प्रगति
संसार को दे गये ज्ञान की कृति,
सांसारिक मोहमाया को दिया नकार
योग और वेदांत का किया प्रसार
उठो जागो, हिम्मत मत हारना,
तुम देश के युवा हो,खुद को कमजोर
मत समझो
आत्मज्ञान और निडरता इनको अपनी
शक्ति बनाओ

-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

# स्वामी विवेकानंद की जयन्ती पर राज्यपाल ने दी बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने युवाओं के प्रेरणास्रोत, युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयन्ती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' पर सभी नागरिकों विशेषत: युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी का दर्शन, सिद्धान्त, आध्यात्मिक विचार और आदर्श, युवाओं के लिए सशक्त ऊर्जा स्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाकर देश एवं प्रदेश के बदलाव का नेतृत्व करें। युवाओं के बल, बुद्धि, पवित्र व निस्वार्थ सेवा से ही देश का पुनरुत्थान सम्भव है। राज्यपाल ने कहा कि अमृतकाल के इस सोपान में भारत को विकसित राष्ट्र एवं विश्व गुरु बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने युवाओं से इस कालखंड का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र एवं समाज की प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)